Tel. No. 0291-2625630

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति

महिला महाविद्यालय

(जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध)

सिवान्ची गेट, जोधपुर

Mail ID: spspsrsmmv@gmail.com

क्रमांक : श्रीपुश्रीपुसूरूस्मृ/म.महा.वि./2021 दिनांक : 23.07.2021

गूँज – 2021 कम्प्यूटर कार्यशाला का समापन समारोह

श्री पुष्टिकर श्रीपुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति महिला महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में गूँज–2021 के तहत 7 दिवसीय कम्प्यूटर कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में मुख्य समागत सुश्री वनिता सेठ, महापौर नगर निगम (दक्षिण), मुख्य समागत श्रीमती कुंती देवड़ा परिहार, महापौर, नगर निगम (उत्तर), समारोह अध्यक्ष श्री आनंद पुरोहित (अध्यक्ष, श्री पुष्टिकर एज्युकेशन ट्रस्ट) श्री शांति प्रसाद हर्ष 'काका' (सचिव, श्री पुष्टिकर एज्युकेशन ट्रस्ट), श्री हीरालाल व्यास (भवन प्रभारी, श्री पुष्टिकर एज्युकेशन ट्रस्ट), श्री ओमप्रकाश लोहरा (सचिव, महिला महाविद्यालय संचालन समिति) उपस्थित थे। समापन समारोह का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। श्री ओ.पी. लोहरा ने स्वागत भाषण के तहत महाविद्यालय की 2003 से वर्तमान समय तक होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही साथ आगंतुक मेहमानों से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग मांगा। कम्प्यूटर कार्यशाला के समन्वयक ई. सुमीत बिस्सा ने सात दिवसों का प्रतिवेतन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य समागत श्रीमती कुंती देवड़ा ने कहा कि "महाविद्यालय द्वारा छात्राओं हेतु कम्प्यूटर कार्यशाला जैसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को बधाई दी। साथ ही साथ ऐसे आयोजन से छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूकता में मदद मिलेगी।" आपने महाविद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सुश्री वनिता सेठ ने कहा कि "आज का युग कम्प्यूटर का युग है। यद्यपि ऑनलाइन शिक्षा ऑफलाइन शिक्षा का स्थान नहीं ले सकती। लेकिन वर्तमान की कोविड–19 जनित परिस्थितियों में शिक्षा हेतु यही उत्तम विकल्प है।" उन्होंने छात्राओं को भविष्य में उच्च पद प्राप्त कर समाज, प्रांत व राष्ट्र उत्थान में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के तहत आज दिनांक 23.07.2021 को कम्प्यूटर की गतिविधियों पर परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान विशाखा नाथ, द्वितीय स्थान शकुंतला और तृतीय स्थान जाह्नवी कल्ला ने प्राप्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री आनंद पुरोहित ने कहा कि "महाविद्यालय परिसर में आयोजित कम्प्यूटर कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को साइबर अपराध से बचने और नई तकनीक का उपयोग कर उत्तरोत्तर प्रगति करने अवसर प्रदान करना है।" प्राचार्य डॉ. मीता मुल्तानी ने धन्यवाद ज्ञापित करने हुए कहा कि "बीसीए व बीएससी कम्प्यूटर विज्ञान की छात्राओं के लिए उक्त कार्यशाला इनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगी।" कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधव देव बोहरा एवं डॉ. उषा सूदन व्यास ने किया।

(डॉ. तेजेन्द्र वल्लभ व्यास)
मीडिया प्रभारी

Meeta Multani
(डॉ. मीता मुलतानी)
प्राचार्य